**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

**छोटे उद्योगों से जुड़कर नए उद्यमी औद्योगिक प्रगति में सहभागी बनें - राज्यपाल**

जयपुर, 4 अगस्त। राज्यपाल श्री मिश्र ने नवोदित उद्यमियों का आह्वान किया है कि वे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों से जुड़कर देश की औद्योगिक प्रगति में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि देश में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट उत्पाद तैयार किए जाएं और इनका प्रभावी विपणन भी किया जाए।

राज्यपाल श्री मिश्र शुक्रवार को होटल होलीडे इन में टाइम्स ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित 'ईटी लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड-2023' समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि औद्योगिकीकरण के अंतर्गत ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान देने की जरूरत है, जिनसे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्राकृतिक और मानवीय संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग किया जा सके। उन्होंने औद्योगिकीकरण में पिछड़े वर्गों के कल्याण को भी सभी स्तरों पर सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया है।

राज्यपाल ने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे उद्योग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सेवा आदि अपने-अपने विशिष्ट क्षेत्रों में ऐसे नवाचार करें जिससे सभी का जीवन सम्पन्न हो और देश तेजी से विकास की ओर आगे बढ़े। उन्होंने स्टार्टअप और उनसे जुड़े युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए भी अधिकाधिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में उद्यमिता के जरिए ऐसी राहों के सृजन पर जोर दिया रहा है जिससे युवाओं के लिए रोजगार और सेवा के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही, देश को आत्मनिर्भर भारत के रूप में भी पहचान मिल सकेगी।

राज्यपाल ने कहा कि कौशल विकास के जरिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देना आज की जरूरत है, जिसे देखते हुए नई शिक्षा नीति में भी व्यावसायिक कौशल विकास और युवाओं में उद्यमशीलता की भावना जगाने से संबंधित विशेष पाठ्यक्रमों पर जोर दिया गया है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर सामाजिक, आर्थिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया। आरम्भ में राज्यपाल श्री मिश्र ने उपस्थितजन को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्यों का पठन किया।

कार्यक्रम में वर्ष 2021 की मिस यूनिवर्स हरनाज कौर संधू सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

----